अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविदयालय)

ग्राम- मुगालिया कोट) (सूखी सेवनिया) विदिशा रोड, भोपाल (म.प्र.)

दूरभाष/ 0755-2558606 , वेब स्थल/www.abvhv.edu.in

क्रमांक/ भण्डार.-3/122(1)26-27/2191/ भोपाल, दिनांकः- 26/11/2026

संशोधित

अल्पकालिक निविदा-2026(1)

अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल का सप्तम दीक्षांत समारोह दिनांक 25/12/2026 को आयोजित होने जा रहा है। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को गोल्ड रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे। एतदर्थ निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी वेब स्थल www.abvhv.edu.in पर उपलब्ध है निविदा का अनुमानित मूल्य लगभग रूपये 1.5 लाख (शब्दो में एक लाख पचास हजार मात्र है)

निविदा का प्रपत्र का मूल्य रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) तथा निविदा की प्रतिभूति (अर्नेस्ट मनी) रू 5000/- (पांच हजार रूपये मात्र) विश्वविद्यालय के बैंक ऑफ बड़ोदा खाता क्रमांक 13430100012347 आई.एस.सी कोड BARB0SUKHIS सूखी सेवनिया, भोपाल के खाते में जमा कर मूल रसीद निविदा के साथ संलग्न करें । निविदा कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय ग्राम मुंगालिया कोट, सूखी सेवनिया, विदिशा रोड, भोपाल को प्रस्तुत करें।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबस्थल पर दी जाएगी।

निविदा जमा एवं खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है-

स.क्र.	विवरण	दिनांक
1	निविदा प्रकाशन की तिथि	21.11.2026
2	निविदा वेबस्थल से डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि	21/11/2026
3	निविदा विश्वविदयालय के कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय (निविदा रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से भी भेजी जा सकती है।)	04/12/2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक
4	निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान	05/12/2026 अपरान्ह 3:00 बजे विश्वविदयालय कार्यालय में वित्त अधिकारी का कक्ष

प्रदाय की जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नानुसार है:-

स.क्र.	विवरण	अनुमानित संख्या
1	स्वर्ण पदक – कुल वजन 30 ग्राम होगा जिसमें 29 ग्राम चांदी (99 प्रतिशत शुद्धता) तथा एक ग्राम स्वर्ण (24 कैरेट) की पॉलिश होगी। इस पदक का व्यास 2 इंच एवं साथ में हुक होगा।	06
2	रजत पदक – रजत पदक का वजन 30 ग्राम चांदी धातु (99 प्रतिशत शुद्धता) का होगा जिसका व्यास 2 इंच तथा हुक भी होगा।	03
3	कांस्य पदक – कांस्य पदक का वजन 30 ग्राम कांस्य धातु का होगा जिसका व्यास 2 इंच तथा हुक भी होगा।	03

निविदा खोले जाने हेतु निर्धारित दिनांक को किन्हीं कारणों से यदि निविदा नहीं खोली जा सकी तो नियत समय एवं स्थान पर आगामी कार्य दिवस को खोली जावेगी।

निविदा जमा करने हेतु निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रक्रिया:-

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) तथा प्रतिभूति की राशि रूपये 5000/- (पांच हजार मात्र) पृथक-पृथक जमा की जा कर दोनो रसीदें निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है।
2. सर्वप्रथम फर्मों से प्राप्त तकनीकी निविदायें समिति द्वारा खोली जायेगी तकनीकी निविदा संबंधी लिफाफे में निम्नांकित दस्तावेज होना आवश्यक है:
   (अ) निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) तथा प्रतिभूति राशि रू. 5000/- (पांच हजार रूपये मात्र) जमा करने की रसीदें।
   (ब) तकनीकी निविदा प्रपत्र -01
   (स) तकनीकी निविदा प्रपत्र- 02
3. उपरोक्त प्रक्रिया दो में योग्य पाई जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा विश्वविदयालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ही प्रस्तुत किया जाना है। (प्रपत्र -03)
4. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक :पृथक लिफाफों में बंद कर लिफाफों पर क्रमश-'तकनीकी निविदा'' एवं ''वित्तीय निविदा'' लिखें तत्पश्चात उक्त दोनों लिफाफे एवं अन्य दस्तावेज एक लिफाफे में रखकर सील बंद कर प्रस्तुत करें एवं लिफाफे के ऊपर ''पदक निर्माण हेतु निविदा'' अंकित करें।

निविदा संबंधी शर्तें एवं जानकारी :-

1. संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था हेतु पदक निर्माण का कार्य किया गया हो संबंधित संस्था का कार्यादेश के प्रमाण पत्र की छांयाप्रति प्रमाण स्वरूप विश्वविद्यालय में निविदा के साथ जमा करनी होगी।
2. पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में न्यूनतम 20 लाख रूपये प्रति वर्ष का टर्नओवर अनिवार्य है। फर्म/संस्था के टर्नओवर की चार्टड अकाउंटेंट से प्रमाणित छांयाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। इन वर्षों के अंकेक्षित लेखे बैलेंस शीट भी संलग्न करें साथ ही पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के इनकम टैक्स रिटर्न की छांयाप्रति भी संलग्न करें।
3. निविदा में भाग लेने वाली फर्म /संस्था किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
4. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगा कर हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
5. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र पर ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू 500/- वापसी योग्य नहीं है।
6. सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा एवं निष्पादन प्रतिभूति (परफॉरमेंस गॉरंटी) रू 5000/- (शब्दों में रूपये पांच हजार मात्र) जमा करनी होगी। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर निष्पादन प्रतिभूति (परफॉरमेंस गॉरंटी) की राशि को राजसात किया जा सकेगा ।
7. निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले बिल में देय टैक्स की दर प्रथक से प्रस्तुत करें।
8. निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत /अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
9. सामग्री का प्रदाय अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय, भोपाल में स्वयं के व्यय पर करना होगा।
10. पदक रखने का बॉक्स फर्म द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।
11. पदक की गुणवत्ता एवं शुद्धता संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति पदको के साथ संलग्न करें।
12. निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार पदक प्रदाय करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा। पदकों की शुद्धता एवं गुणवत्ता का उत्तदायित्व फर्म का होगा। पदकों पर अंकित किये जाने वाला विवरण विश्वविद्यालय द्वारा कार्यादेश के साथ उपलब्ध कराया जावेगा।
13. निविदा के साथ एक प्रमाण पत्र संलग्न करें, जिसमें लिखा होना चाहिए '' प्रमाणित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स .....द्वारा विश्वविद्यालय की निविदा में दर्शित स्पेसिफिकेशन अनुसार मेडल प्रदाय किये जावेंगे। यदि स्पेसिफिकेशन अनुसार मेडल नही पाए जाते हैं तो विश्वविदयालय को यह अधिकार होगा कि वह हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट कर कानूनी कार्यवाही कर सके।

14. प्राप्त मेडल की शुद्धता एवं गुणवत्ता का परीक्षण कराया जाएगा तथा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही भुगतान किया जावेगा।
15. मेडल में किसी भी प्रकार की खराबी होने पर प्रदायकर्ता को स्वयं के व्यय पर वापिस लेना होगा।
16. निविदा में सफल फर्म को कार्यादेश जारी होने के सात दिवस के अन्दर कार्यादेश मे दर्शित संख्या में मेडल विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने होंगे।
17. मेडल की संख्या में कमी या वृद्धि संभावित है। टैक्स की दर पृथक से दर्शाई जावे।
18. फर्म की जीएसटी नम्बर एवं वैध रजिस्ट्रेशन नम्बर तथा पेन नम्बर की सत्यापित प्रति संलग्न करें।
19. निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलगुरु अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।
ि◌वेनिविदकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति स्वविवेक से पैरामीटरप्रक्रिया निर्धारित/ कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने का अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।
21. निविदा विषयक विवाद में अंतिम निर्णय कुलगुरु अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा।
◌ोगान्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्रधिकारी भोपाल न्यायालय होगा।

Swati

(श्रीमती स्वाति वशिष्ठ)

कुलसचिव

तकनीकी निविदा (प्रपत्र-01)

प्रति,

कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविदयालय,
भोपाल(म.प्र.)

विषय:- स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदक निर्माण हेतु निविदा वर्ष 2026 बावत्।

निवेदन है कि हमारी संस्था/फर्म की जानकारी निम्नानुसार है :-

सं. क्र.	विवरण	
1	फर्म का नाम	
2	पत्र व्यवहार का पता	
3	फर्म के प्रतिनिधि का नाम	
4	पद का नाम	
5	दूरभाष नम्बर	
6	ई-मेल एड्रेस	

1 प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में दर्शित शर्तों के अनुसार स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक निर्माण हेतु निविदा वर्ष 2026 का कार्य पूर्णत: करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते/करता हूं।
2 उक्त प्रपत्र को पृथक लिफाफे में रखकर ''तकनीकी निविदा'' अंकित करें।

दिनांक :-

हस्ताक्षर एवं शील

तकनीकी निविदा (प्रपत्र-02)

निम्नानुसार सभी दस्तावेजों (फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित) की छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

स. क्र	विवरण	दस्तावेज संलग्न है हाँ/नहीं	दस्तावेज का पृष्ठ क्रमांक
1.	निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपए 500- जमा की रसीद		
2.	निविदा सुरक्षा निधि राधि रुपए 5,000- जमा की रसीद		
3.	अनुभव:- फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में न्यूनतम 03 विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में पदक प्रदाय का कार्य किया गया हो। संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण –पत्र प्रस्तुत करें।		
4.	टर्न ओवर:- पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में रूपये 20,00,000 -00 औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।		
5.	बैलेंसशीट:- पिछले तीन वित्तीय वर्षों 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 की बैलेंसशीट तथा अंकेक्षित लेखा प्रस्तुत करें।		
6.	इनकम टैक्स: विगत तीन असेसमेंट वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।		
7.	ब्लैक लिस्ट:- निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्ट नहीं होना चाहिए। इस बाबत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जो रुपए 500/- (पांच सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाये । शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।		
8.	जी.एस.टी (GST) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।		
9.	आयकर (PAN) नंबर की प्रति प्रस्तुत करें।		
10.	संस्था/फर्म/कंपनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।		
11.	निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2008 अथवा अद्यतन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें। (यदि उपलब्ध हो)		
12.	निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001:2013 अथवा अद्यतन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।		
13	निविदा प्रपत्र -2		

Swati

निविदा प्रपत्र -3 (वित्तीय निविदा)

फर्म का नाम	

दर प्रति नग

पदकों का विवरण निविदा में दिए स्पेशिफिकेशन अनुसार	दर रु. शब्दों में	दर रु. अंकों में
स्वर्ण		
रजत		
कांस्य		
कर का नाम एवं दर		
कर का नाम एवं दर		
कर का नाम एवं दर		

Saali

फर्म/संस्था के अधिकृत
व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं सील

शपथ पत्र रुपए 500/- के स्टाम्प पेपर पर

मैं ..... पिता का नाम .....

द्वारा .....प्रोपराइटर मेसर्स.....

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी संस्था/ उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म का निविदा में दिए गए पदकों के प्रदाय संबंधी कार्य में किसी भी कानूनी विवाद में न्यायालय द्वारा दंडित नहीं किया गया है।

(3) यह कि फर्म को किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(4) यह कि फर्म द्वारा प्रस्तुत समस्त जानकारियों एवं प्रपत्र सत्य एवं सही है। यदि निविदा में प्रस्तुत जानकारी एवं प्रपत्रों में अथवा शपथ पत्र में दी गई जानकारी असत्य पाए जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने तथा सुरक्षा निधि जब्त करने का अधिकार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल को होगा।

शपथ ग्रहिता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथ ग्रहिता सत्यापिता करता हूं कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु क्र. (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथ ग्रहिता